निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

15 आश्विन 1938 (श0)

(सं0 पटना 853) पटना, शुक्रवार, 7 अक्तूबर 2016

सं0 विज्ञा0(4)01–04/2016 –02 सू0ज0स0वि0
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग

संकल्प
30 सितम्बर 2016

विषयः–**बिहार विज्ञापन नियमावली, 2016 की स्वीकृति के संबंध में।**

1. प्रस्तावना

सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को बिहार कार्यपालिका नियमावली तथा बिहार विज्ञापन नीति–2008 में निहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं सरकार के विभिन्न निगम/निकाय/समिति/लोक उपक्रम/प्रतिष्ठान/प्राधिकार के कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर आधारित वर्गीकृत विज्ञापनों, निविदा, सूचनाओं तथा अन्य सामग्रियों को विज्ञापन के रूप में आकाशवाणी, दूरदर्शन, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, इंटरनेट एवं राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण समाचार–पत्र/पत्रिकाओं में प्रकाशन/प्रसारण कराने तथा केन्द्रीय रूप से इसका भुगतान एवं अनुश्रवण करने का दायित्व दिया गया है।

बदलते हुए परिवेश, नई सूचना तकनीक विकसित होने, बदलती हुई कार्य प्रकृति, प्रक्रिया, विभिन्न मुद्दों पर आम नागरिकों का मूड, परसेप्सन ,फीड बैक को जानने–समझने, उनकी प्रतिक्रिया एवं अनुक्रिया प्राप्त करने, सरकार की नीतियों/कार्यक्रमों/उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रचार–प्रसार करने, प्रभावकारी लोक संवाद की स्थापना एवं ब्रांड बिहार को विकसित करने हेतु विभिन्न माध्यमों का पेशेवर तरीके से उपयोग करने, सोशल मीडिया यथा फेसबुक, ट्वीटर, यूट्यूब एवं आउटडोर पब्लिसिटी सहित अन्य माध्यमों से विज्ञापन का प्रचार–प्रसार कराने, विज्ञापन सामग्रियों के निर्माण एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सोसाईटी के गठन एवं वित्तीय शक्ति आदि की पृष्ठभूमि में आवश्यकतानुसार कतिपय संशोधन आवश्यक हो जाने एवं बिहार विज्ञापन नीति, 2008 में ऐसे कतिपय प्रावधान समाहित नहीं रहने के कारण वर्तमान परिवेश में विभागीय दायित्वों के निर्वहन हेतु बिहार विज्ञापन नीति, 2008 को अवक्रमित करते हुए एक नये स्वरूप में बिहार विज्ञापन नीति, 2016 अंगीकृत की गई है।

बिहार विज्ञापन नीति, 2016 में वर्णित प्रावधान के परिपेक्ष्य में आधुनिक सूचना तकनीक एवं पेशेवर तरीके से विज्ञापन संबंधी कार्यों को संपादित करने एवं बिहार विज्ञापन नीति के कार्यान्वयन हेतु सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा बिहार विज्ञापन नियमावली–2016 बनाया जाता है।

2. संक्षिप्त नाम

i. यह नियमावली बिहार विज्ञापन नियमावली, 2016 कहलाएगी।

ii. यह नियमावली राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

3. उद्देश्य

इस नियमावली का मुख्य उद्देश्य बदलते हुए परिवेश, नई सूचना तकनीक विकसित होने, बदलती हुई कार्य प्रकृति, प्रक्रिया, विभिन्न मुद्दों पर आम नागरिकों का मूड, परसेप्सन ,फीड बैक को जानने–समझने, उनकी प्रतिक्रिया एवं अनुक्रिया प्राप्त करने, सरकार की नीतियों/कार्यक्रमों/उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रचार–प्रसार करने, प्रभावकारी लोक संवाद की स्थापना एवं ब्रांड बिहार को विकसित करने हेतु विभिन्न माध्यमों का पेशेवर तरीके से उपयोग करने, सोशल मीडिया यथा फेसबुक, ट्वीटर, युट्यूब एवं आउटडोर पब्लिसिटी सहित अन्य माध्यमों से विज्ञापन का प्रचार–प्रसार कराने, विज्ञापन सामग्रियों के निर्माण एवं उद्देश्यों की पूर्ति एवं विभागीय दायित्वों के निर्वहन हेतु गठित बिहार विज्ञापन नीति, 2016 का बेहतर ढंग से कार्यान्वयन है।

4. **परिभाषा :– इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –**

i. 'समाचार पत्र' से अभिप्रेत है ऐसे समाचार पत्र जो प्रेस और पुस्तक अधिनियम, 1867 के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार के समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा पंजीकृत हो।

ii. 'समाचार पत्रिका' से अभिप्रेत है ऐसी समाचार पत्रिका जिनका साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक प्रकाशन होता हो एवं जो प्रेस और पुस्तक अधिनियम, 1867 के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार के समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा पंजीकृत हो।

iii. 'विभिन्न माध्यमों' से अभिप्रेत है समाचार पत्र/पत्रिका/स्मारिका/गृह–पत्रिका /विज्ञान पत्रिका, फिल्म पत्रिका, खेल पत्रिका, कला, साहित्य, सांस्कृतिक पत्रिका सहित समसामयिक पत्रिका/इलेक्ट्रोनिक मीडिया के सेटेलाईट चैनल/केबुल चैनल/रेडियो/वेबसाईट/सोशल मीडिया/मोबाइल ऐप्स/एस0एम0एस0 सहित विज्ञापन कार्य हेतु रेलवे स्टेशन/बस स्टैण्ड/मॉल/हवाई अड्डा / मैट्रो स्टेशन / ट्रेन / मूवीज थियेटर/ प्रचार वाहन/पम्पलेट/ पोस्टर/ ब्रोसर/कॉफी टेबुल बुक/कनक्लेव/मीडिया, संस्था अथवा संस्थान के साथ संयुक्त भागीदारी में चलाये जाने वाले अभियान विशेष का प्रचार–प्रसार कार्य/इलेक्ट्रोनिक डिस्प्ले बोर्ड/अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण/होर्डिंग/फ्लैक्स/दिवाल लेखन/ प्रदर्शनी/गीत नाट्य /नुक्कड़ नाटक सहित अन्य माध्यम।

iv. 'सचिव' से अभिप्रेत है प्रधान सचिव/सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग।

v. 'निदेशक' से अभिप्रेत है निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग।

vi. 'प्राधिकृत समिति' से अभिप्रेत है 'नियम–5 में गठित विज्ञापन प्राधिकृत समिति'।

vii. 'दर निर्धारण समिति' से अभिप्रेत है विभिन्न माध्यमों से विज्ञापन के प्रचार–प्रसार के दर निर्धारण हेतु नियम 6 में गठित समिति।

viii. डी0ए0वी0पी0 से अभिप्रेत है भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का 'विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय'।

ix. 'पंजीयक' से अभिप्रेत है 'भारत सरकार के समाचार पत्रों के पंजीयक'।

x. 'ए0बी0सी0' से अभिप्रेत है 'ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन'।

xi. 'उपक्रम' से अभिप्रेत है 'बिहार सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण में पड़ने वाले सभी बोर्ड/निकाय/निगम/लोक उपक्रम/प्रतिष्ठान/समिति'/प्राधिकार।

xii. 'बिहार संवाद' से अभिप्रेत है सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग अंतर्गत सोसाईटी रजिस्टेशन एक्ट, 1860 के तहत गठित 'बिहार संवाद समिति'।

xiii. 'वृत्तचित्र' से अभिप्रेत है सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा प्रचार–प्रसार कार्य एवं ब्रांड बिहार को विकसित करने हेतु निर्मित किये जाने वाले वृत्तचित्र।

xiv. 'फिल्म' से अभिप्रेत है सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा प्रचार–प्रसार कार्य एवं ब्रांड बिहार को विकसित करने हेतु निर्मित किये जाने वाले फिल्म।

xv. 'विज्ञापन' से अभिप्रेत है सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा सरकार के विभिन्न विभागों एवं सरकारी उपक्रमों से प्राप्त होने वाला विज्ञापन, कार्यक्रम एवं उपलब्धि के लोक शिक्षण एवं लोक संवाद संबंधी कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार /जागरूकता /अभियान से संबंधित विज्ञापन सामग्री का निर्माण एवं विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कार्य।

xvi. 'रेडियो चैनल' से अभिप्रेत है– रेडियो/सामुदायिक रेडियो/एफ0एम0चैनल।

xvii. 'सेटेलाईट चैनल' से अभिप्रेत है– इलेक्ट्रोनिक मीडिया के वैसे सेटेलाईट चैनल जिनका प्रसारण टेलीविजन/अन्य इलेक्ट्रोनिक माध्यम पर होता है।

xviii. 'वेबसाईट' से अभिप्रेत है इन्टरनेट वेबसाईट/पोर्टल/सोशल मीडिया।

xix. 'मोबाइल ऐप्स' से अभिप्रेत है मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं इन्टरनेट आधारित प्रचार–प्रसार हेतु माध्यम।

xx. 'एस0एम0एस0' से अभिप्रेत है मोबाइल द्वारा सूचना के प्रचार–प्रसार का माध्यम।

xxi. 'स्वीकृत सूची' से अभिप्रेत है सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा संधारित विज्ञापन निर्गम हेतु स्वीकृत सूची।

xxii. 'केबुल टी0वी0' से अभिप्रेत है सैटेलाइट चैनलों से प्राप्त सिग्नल को एम0एस0ओ0 के माध्यम से केबुल द्वारा टी0वी0 पर प्रसारण।

xxiii. 'विभाग' से अभिप्रेत है 'सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग'।

xxiv. 'बिहार विज्ञापन नीति' से अभिप्रेत है विभाग द्वारा गठित बिहार विज्ञापन नीति–2016 ।

xxv. 'वर्गीकृत विज्ञापन' से अभिप्रेत है नियुक्ति, निविदा, निलामी, नोटिस एवं अन्य घोषणाएं, जो एक विशेष शीर्षक के तहत समाचार पत्रों में प्रकाशित हों।

xxvi. 'डिस्प्ले विज्ञापन' से अभिप्रेत है मास कम्पेन, कार्यक्रम, मुख्य नीति, उपलब्धि, नई योजनाओं की घोषणाएं तथा सामाजिक–आर्थिक एवं ऐतिहासिक मुद्दों, राष्ट्रीय पर्व, त्योहारों एवं राष्ट्रीय एवं राजकीय समारोहों एवं महान विभूतियों के स्मृति दिवसों आदि पर आधारित विषय–वस्तु का आकर्षक ढंग से प्रचार–प्रसार।

xxvii. 'डी0ए0वी0पी0 दर' से अभिप्रेत है भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के 'विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय' द्वारा निर्धारित दर।

xxviii. 'विभागीय दर' से अभिप्रेत है किसी विज्ञापन को निर्गम करने हेतु विभाग द्वारा निर्धारित दर।

5. **विज्ञापन प्राधिकृत समिति**

विभिन्न माध्यमों' को स्वीकृत सूची में शामिल करने एवं विज्ञापन के दर निर्धारण हेतु विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देना होगा। विज्ञापन दर के निर्धारण हेतु प्रपत्र दर निर्धारण समिति को प्रेषित किया जायेगा। दर निर्धारण समिति से प्राप्त अनुशंसा के साथ सूचीबद्ध करने हेतु दिये गये आवेदन को 'विज्ञापन प्राधिकृत समिति' के समक्ष रखा जायेगा। 'विज्ञापन प्राधिकृत समिति' का स्वरूप निम्न प्रकार होगाः–

i.	प्रधान सचिव/सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग	–	अध्यक्ष
ii.	प्रधान सचिव/सचिव, गृह विभाग द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी (संयुक्त सचिव से अन्यून)	–	सदस्य
iii.	अपर महानिदेशक/महानिदेशक, विशेष शाखा द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी (पुलिस अधीक्षक से अन्यून)	–	सदस्य
iv.	वित्त विभाग के एक प्रतिनिधि (संयुक्त सचिव से अन्यून)	–	सदस्य
v.	निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग	–	सदस्य
vi.	विज्ञापन शाखा के प्रभारी पदाधिकारी	–	सदस्य सचिव

आवश्यकता एवं कार्यहित में विज्ञापन प्राधिकृत समिति के अध्यक्ष–सह–प्रधान सचिव/सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के आदेश पर बैठक आहूत की जा सकेगी।

विज्ञापन प्राधिकृत समिति, आवश्यकता, व्यवहारिकता एवं राज्यहित को ध्यान में रखते हुए, आवेदन देने वाले विभिन्न माध्यमों' को स्वीकृत सूची में सूचीबद्ध करने हेतु अनुशंसा करेगी, जिसे वह उपयुक्त समझे। विभिन्न माध्यम, जो स्वीकृत सूची में शामिल होने की अनिवार्य पात्रता रखते हैं, को स्वीकृत सूची में शामिल किया जाना समिति के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। उपरोक्त समिति जब भी चाहेगी, वह स्वीकृत सूची में शामिल किसी माध्यम को, राज्यहित/कार्यहित में, स्वीकृत सूची से बाहर करने के लिए स्वतंत्र एवं सक्षम होगी।

प्रचार–प्रसार के वैसे माध्यम जिन्हें 'विभागीय दर' प्राप्त नहीं है उन माध्यमों को दर निर्धारण समिति द्वारा अनुशंसित विभागीय दर पर विज्ञापन निर्गम हेतु समिति विचारोपरान्त अनुशंसा कर सकेगी।

विज्ञापन प्राधिकृत समिति के अनुशंसा एवं विभागीय मंत्री के अनुमोदनोपरान्त माध्यमों की सूचीबद्धता एवं विभागीय दर निर्धारण किया जा सकेगा।

6. दर निर्धारण समिति

वैसे समाचार पत्र/पत्रिका/इलेक्ट्रोनिक चैनल/केबुल चैनल/रेडियो/सोशल मीडिया/वेबसाईट सहित अन्य विभिन्न माध्यमों द्वारा राज्यहित एवं जनहित में विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित कराने हेतु एवं स्वीकृत सूची में शामिल करने के पूर्व विभाग ऐसे प्रचार–प्रसार के माध्यमों के लिए 'विभागीय दर' के निर्धारण हेतु अनुशंसा करेगा।

दर निर्धारण हेतु सचिव की अध्यक्षता में एक दर निर्धारण समिति गठित होगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

i. प्रधान सचिव/सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, अध्यक्ष
ii. निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, सदस्य
iii. वित्त विभाग के प्रतिनिधि (उप सचिव से अन्यून) सदस्य
iv. गृह विभाग के प्रतिनिधि (उप सचिव से अन्यून) सदस्य

v. उप निदेशक/प्रभारी पदाधिकारी विज्ञापन, सदस्य सचिव

समिति स्वीकृत सूची में शामिल अथवा स्वीकृत सूची से बाहर के पत्र / पत्रिकाओं/ इलेक्ट्रॉनिक चैनल सहित अन्य विभिन्न माध्यमों हेतु उक्त विज्ञापन की लक्षित वर्ग तक पहुँच, प्राथमिकता, आवश्यकता, उद्देश्यों की प्राप्ति एवं डी0ए0वी0पी0 दर को ध्यान में रखते हुए राज्यहित एवं लोकहित में विभागीय दर निर्धारण हेतु अनुशंसा करेगी एवं विभाग के अनुमोदनोपरान्त उक्त माध्यम का 'विभागीय दर' निर्धारित कर सकेगी जो सामान्यतः एक वर्ष (अप्रैल से मार्च तक) के लिए मान्य होगा। निर्धारित विभागीय दर को प्रत्येक वर्ष पुनर्निर्धारित/पुनरीक्षित किया जा सकेगा। दर पुनरीक्षित होने तक पूर्व निर्धारित विभागीय दर लागू रहेगा।

7. स्वीकृत सूची में शामिल होने हेतु पात्रता

(I) समाचार–पत्र/पत्रिका के लिए :–

(i) समाचार–पत्र/पत्रिका का प्रकाशन हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा उर्दू में होना आवश्यक होगा।

(ii) समाचार–पत्र/पत्रिका को प्रेस और पुस्तक अधिनियम, 1867 के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार के समाचार–पत्रों के पंजीयक द्वारा निबंधित होना होगा।

(iii) भारत सरकार के विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय में सूचीबद्ध होना होगा परन्तु स्वीकृत सूची में शामिल करने के पूर्व विभाग विज्ञापन कार्य हेतु 'विभागीय दर' का निर्धारण करेगा।

(iv) हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक समाचार–पत्रों के लिए न्यूनतम मुद्रण क्षेत्र 20000 वर्ग से.मी. होगा। उर्दू दैनिक समाचार पत्रों के लिए न्यूनतम मुद्रण क्षेत्र 10000 वर्ग सें.मी. होगा। नियतकालीन पत्रिका के लिए न्यूनतम मुद्रण क्षेत्र 24000 वर्ग सें.मी. होगा।

(v) हिन्दी समाचार–पत्रों की विक्रीत संख्या कम–से–कम 60000 (साठ हजार), अंग्रेजी समाचार–पत्रों के लिए न्यूनतम विक्रीत संख्या 40000 (चालीस हजार) एवं उर्दू समाचार–पत्रों की विक्रीत संख्या कम–से–कम 25000 (पचीस हजार) तथा पत्रिकाओं के लिए कम–से–कम 25000 (पचीस हजार) होनी होगी। इस संबंध में ए.बी.सी. या अन्य मानक संस्थान से प्रसार का प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।

(vi) समाचार–पत्र/पत्रिका, का कम–से–कम 12 महीनों तक अबाध्य तथा नियमित प्रकाशन हुआ होगा। नियमितता, प्रकाशन स्थल आदि की जांच आवश्यकतानुसार सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग मुख्यालय या जिला स्तर से करा सकेगा।

(II) इलेक्ट्रोनिक मीडिया/केबल टीवी के लिएः–

i. ऐसे इलेक्ट्रोनिक मीडिया के चैनल/केबल टीवी, जो समाचार, सामयिक घटनाओं और सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, व्यवसायिक विषयों पर कार्यक्रम का प्रसारण करते हों, तथा राष्ट्र अथवा बिहार राज्य की जनसंख्या के व्यापक हिस्से को आच्छादित करते हों, सरकारी विज्ञापन पाने के योग्य होंगे। परन्तु ऐसे सभी योग्य चैनल को विज्ञापन दिये जाने की बाध्यता नहीं होगी।

ii. भारत सरकार के विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय में सूचीबद्ध होना होगा परन्तु स्वीकृत सूची में शामिल करने के पूर्व विभाग विज्ञापन कार्य हेतु 'विभागीय दर' का निर्धारण करेगा।

iii. वैसे इलेक्ट्रोनिक मीडिया के चैनल /केबल टी0 वी0 जो डी0ए0वी0पी0 में सूचीबद्ध एवं राज्य के स्वीकृत सूची में शामिल नहीं है, उन्हें विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान के लिए राज्यहित में विज्ञापन का प्रसारण नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं प्राधिकृत समिति के अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

(III) रेडियो/एफ.एम रेडियो/सामुदायिक रेडियो चैनल के लिएः–

i. भारत सरकार/राज्य सरकार/प्रसार भारती द्वारा संचालित रेडियो चैनल/एफ. एम/सामुदायिक रेडियो चैनल स्वतः स्वीकृत सूची में समावेष्ट माने जायेंगे।

ii. सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत/निर्गत अनुज्ञप्तिधारी ऐसे रेडियो चैनल/एफ.एम रेडियो/सामुदायिक रेडियो चैनल जो समाचार, सामयिक, घटनाओं और सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक, व्यावसायिक विषयों पर कार्यक्रम रेडियो तरंग के माध्यम से प्रसारण करते हों, तथा राष्ट्र अथवा बिहार राज्य की जनसंख्या के व्यापक हिस्से को आच्छादित करते हों, सरकारी विज्ञापन पाने के योग्य होंगे, परन्तु मात्र विज्ञापन पाने की योग्यता ही विभाग के लिए विज्ञापन देने की बाध्यता नहीं होगी।

iii. स्वीकृत सूची के रेडियो /एफ.एम रेडियो/सामुदायिक रेडियो चैनल को दिये जाने वाले विज्ञापन का दर विभागीय दर' से अधिक नहीं होगा।

iv. वैसे रेडियो चैनल/एफ.एम रेडियो/सामुदायिक रेडियो आदि जो डी0ए0वी0पी0 में सूचीबद्ध एवं राज्य के स्वीकृत सूची में शामिल नहीं है, उन्हें विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान के लिए राज्यहित में विभाग विज्ञापन प्रसारित कराना चाहती है तो इसके लिए

प्राधिकृत समिति के अनुशंसा एवं नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित विभागीय दर पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

(IV) इन्टरनेट वेबसाईट/सोशल मीडिया के लिए :–

i. ऐसे प्रचलित इन्टरनेट वेबसाईट/सोशल मीडिया जो डी0ए0वी0पी0 में सूचीबद्ध हैं/'विभागीय दर' प्राप्त है एवं जो समाचार, सामयिक घटनाओं और सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक, व्यावसायिक विषयों एवं घटनाओं का प्रसारण करते हों, सरकारी विज्ञापन पाने के योग्य होंगे, परन्तु उन्हें विज्ञापन दिया ही जाय, ऐसी कोई बाध्यता सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग की नहीं होगी।

ii. ऐसे इन्टरनेट वेबसाईट/सोशल मीडिया जो डी0ए0वी0पी0 में सूचीबद्ध नहीं है/'विभागीय दर प्राप्त नहीं हो उन्हें विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान के लिए प्राधिकृत समिति के अनुशंसा एवं नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित विभागीय दर पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

(V) अन्य विभिन्न माध्यमों के लिए :–

i. अन्य विभिन्न माध्यमों यथाः रेलवे स्टेशन/हवाई अड्डा/बस स्टैंड/ मॉल/मेट्रो स्टेशन एवं ऐसे अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रबंधकों द्वारा संस्थापित होर्डिंग/फ्लैक्स, इलेक्ट्रोनिक डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु अधिकृत/चयनित एजेंसियों को उक्त माध्यमों के तहत प्रचार–प्रसार हेतु सूचीबद्ध किया जा सकेगा। ऐसे अधिकृत/चयनित एजेंसियों को उक्त संस्थानों के तहत कार्य आवंटन प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान के लिए प्राधिकृत समिति के अनुशंसा एवं नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित विभागीय दर पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

ii. डिजिटल सैटेलाइट के माध्यम से सिनेमाघरों/मूवी थियेटर/केबुल टी0वी0 के माध्यम से विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अभियान अथवा अवसर पर प्राधिकृत समिति के अनुशंसा एवं नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित विभागीय दर पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से राज्यहित/लोकहित में विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

8. सरकारी विज्ञापन निर्गम हेतु पात्रता

(क) सरकारी विज्ञापन निर्गम हेतु समाचार–पत्र/पत्रिकाओं की पात्रता निम्नरूपेण होगी :–

i. सामान्यतः वैसे समाचार–पत्र/पत्रिकाओं सहित विभिन्न माध्यमों को विज्ञापन नीति की उद्देश्यों की प्राप्ति एवं कार्यहित में सक्षम प्राधिकार द्वारा स्वीकृति के पश्चात् विज्ञापन निर्गत होगा, जो सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग की 'स्वीकृत सूची' में शामिल होंगे।

ii. स्वीकृत सूची में नाम सम्मिलित कराने के इच्छुक समाचार–पत्र/पत्रिका सहित विभिन्न माध्यमों को विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा।

iii. स्वीकृत सूची में शामिल समाचार पत्रों/पत्रिका एवं विभिन्न माध्यमों को 'विभागीय दर' पर विज्ञापन नीति की उद्देश्यों की प्राप्ति एवं कार्यहित में सक्षम प्राधिकार द्वारा स्वीकृति के पश्चात विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

iv. प्रचार–प्रसार हेतु ऐसे माध्यम जिनका विभागीय दर निर्धारित नहीं है एवं राज्य की स्वीकृत सूची में भी शामिल नहीं हैं, लेकिन विशेष परिस्थिति, महत्वपूर्ण अवसर/आयोजन एवं अभियान के दौरान ऐसे माध्यमों को विज्ञापन निर्गम किया जाना अनिवार्य हो तब दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

9. लोक संवाद एवं ब्राण्ड बिहार तथा सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी प्रचार–प्रसार की व्यवस्था

(i) विशेष अवसर/प्रयोजन/अभियान के दौरान बिहार सरकार के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को प्रसारित करने तथा बिहार की संस्कृति एवं धरोहरों को राज्य एवं राज्य के बाहर आम जनता के बीच प्रचार–प्रसार करने हेतु कॉफी टेबुल बुक एवं अन्य पुस्तकों का प्रकाशन विभाग करा सकेगी।

(ii) विभिन्न जनोपयोगी कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु विभाग कानक्लेव/कार्यशाला आदि आयोजित कर सकेगा तथा आवश्यकतानुसार अन्य प्रचार–प्रसार के माध्यमों यथाः टी0वी0 चैनल, समाचार पत्र समूह या अन्य संस्थाओं की सहभागिता से अथवा उनके सहयोगी के रूप में भी करा सकेगा। इन आयोजनों के 'विभागीय दर' का निर्धारण 'दर निर्धारण समिति' कर सकेगी।

(iii) गैर–स्वीकृत सूची के विभिन्न माध्यमों, ग्लोबल विज्ञापन, होर्डिंग, दीवाल–लेखन, प्रदर्शनी, गीत नाट्य, नुक्कड़–नाटक /पम्पलेट/ब्रोसर/ पोस्टर/बुकलेट/प्रचार वाहन आदि के माध्यम से जागरूकता/ प्रचार–प्रसार एवं सोशल मीडिया अंतर्गत फेसबुक, ट्वीटर,

यू–टयूब/मोबाईल एप्स/एस0एम0एस0 एवं अन्य माध्यमों से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी ढंग से प्रचार–प्रसार निर्धारित पात्रता एवं प्रक्रिया के आलोक में कराया जा सकेगा।

(iv) लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी प्रचार–प्रसार, लोक संवाद की स्थापना एवं ब्रांड बिहार को विकसित करने सहित विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पेशेवर एजेन्सी/दक्ष एवं कुशल कर्मी की सेवा विभाग प्राप्त कर सकेगा।

(v) उपरोक्त वर्णित कार्य विभाग स्वयं या बिहार संवाद के माध्यम से करा सकेगा।

10. विज्ञापन से संबंधित क्रियेटिव/वृत्तचित्र/फिल्म का निर्माण एवं भुगतान–

विभाग विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कार्य हेतु क्रियेटिव/वृत्तचित्र / फिल्म का निर्माण एवं भुगतान 'विभागीय दर' पर करा सकेगा। विभागीय दर नहीं रहने की स्थिति में नियमावली के नियम–6 के प्रावधान के अनुरूप गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा के आधार पर सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त क्रियेटिव/वृत्तचित्र/फिल्म का निर्माण एवं भुगतान की कार्रवाई कर सकेगा।

11. स्वीकृत सूची में शामिल होने 'विभागीय दर' एवं डी0ए0वी0पी0 दर प्राप्त होना विज्ञापन प्राप्त करने का आधार नहीं–

विभिन्न माध्यमों को स्वीकृत सूची में शामिल होने एवं डी0ए0वी0पी0 दर/'विभागीय दर' प्राप्त होने मात्र से विज्ञापन प्राप्त करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। विभाग द्वारा विज्ञापन का प्रकाशन/ प्रसारण/ प्रदर्शन की आवश्यकता, लक्षित जन समूह के हित, क्षेत्र विशेष तथा मितव्ययिता आदि को ध्यान में रखते हुए किसी माध्यम को विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

12. स्वीकृत सूची से निष्कासन एवं राशि का आहरण

कोई समाचार पत्र/पत्रिका स्वीकृत सूची से विज्ञापन प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर विभाग द्वारा 12 महीने तक के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित की जा सकेगी, यदि :–

i. प्रसार संख्या के संबंध में जान–बूझकर गलत सूचना/सूचनाएं देता हो अन्यथा; अथवा

ii. प्रकाशन में अनियमितता पाये जाने, पीरियोडिसिटी या शीर्षक में परिवर्त्तन करने अथवा बिना किसी पूर्व सूचना के प्रेस स्थल में परिवर्त्तन पाये जाने अथवा;

iii. भारत सरकार के समाचार पत्रों के पंजीयक (आर0एन0आई0) का वार्षिक रिटर्न जमा नहीं करने या निर्धारित एजेन्सी से वार्षिक सर्कुलेशन प्रमाण–पत्र नहीं प्राप्त करने अथवा;

iv. राष्ट्र विरोधी गतिविधियों या अमर्यादित कार्यकलापों में लिप्त पाये जाने अथवा उक्त गतिविधियों में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये जाने अथवा;

v. बिहार सरकार के विभिन्न विभागों एवं उनके अधीनस्थ उपक्रम आदि के निर्गमित विज्ञापन को दो अथवा दो से अधिक बार प्रकाशित नहीं करने और प्रकाशन से इन्कार करने पर।

vi. कंडिका–(i) से लेकर (iv) के संबंध में प्राप्त शिकायत अथवा अनियमितता /त्रुटि को स्वतः संज्ञान में लेकर आवश्यकतानुसार विभाग जांच करा सकेगा एवं जांच प्रतिवेदन प्राधिकृत समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जा सकेगा।

vii. उपरोक्त कंडिका (i), (ii), एवं (iii) की स्थिति में विभाग द्वारा संबंधित समाचार पत्र/पत्रिकाओं को भुगतान की गई पूर्व की राशि आहरित की जा सकेगी। राशि के आहरण तक उन्हें कोई विज्ञापन प्राप्त नहीं होगा।

13. आरोप/शिकायत पर कार्रवाई का अधिकार–

i. विभिन्न माध्यमों के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर सचिव/निदेशक विभाग को संबंधित माध्यम से कारण पृच्छा का अधिकार होगा। साथ ही जिस माध्यम के विरूद्ध शिकायत प्राप्त है, उसकी जांच कराने के लिए सचिव/निदेशक स्वतंत्र होंगे। जांच से संतुष्ट होने पर तथा सत्यता प्रमाणित होने पर सचिव को यह अधिकार होगा कि उस माध्यम का विज्ञापन तत्काल स्थगित कर, जांच प्रतिवेदन को प्राधिकृत समिति के समक्ष अधिकतम छः माह के भीतर अनिवार्य रूप से रखेंगे, जिस पर प्राधिकृत समिति समीक्षा कर अपना मंतव्य विभाग को उपलब्ध करायेगी, जिस पर विभागीय मंत्री के अनुमोदनोपरान्त कार्रवाई की जा सकेगी।

ii. प्राधिकृत समिति जब भी चाहेगी, वह स्वीकृत सूची में शामिल विभिन्न माध्यमों को राज्यहित / कार्यहित में बिना कारण बताये स्वीकृत सूची से बाहर करने के लिए प्रतिवेदित/अनुशंसा कर सकती है। प्राप्त प्रतिवेदन पर विभागीय मंत्री के अनुमोदनोपरान्त संबंधित माध्यम को स्वीकृत सूची से स्थायी/अस्थायी रूप से हटाया जा सकेगा।

14. विज्ञापन दर–

i. विभिन्न माध्यमों यथा समाचार पत्र/पत्रिका/इलेक्ट्रोनिक चैनल/केबुल चैनल/रेडियो/सोशल मीडिया/वेबसाईट आदि के माध्यम से विज्ञापन के प्रकाशन/प्रसारण हेतु हेतु विभागीय दर का निर्धारण दर निर्धारण समिति के अनुशंसा पर की जायेगी। दर निर्धारण समिति विज्ञापन की लक्षित वर्ग तक पहुँच, प्राथमिकता, आवश्यकता, उद्देश्यों की प्राप्ति एवं डी0ए0वी0पी0 दर आदि को ध्यान में रखते हुए राज्यहित एवं लोकहित में दर निर्धारण हेतु अनुशंसा करेगी। विभाग के अनुमोदनोपरान्त उक्त माध्यम का 'विभागीय दर' निर्धारित होगा, जो सामान्यतः एक वर्ष के लिए मान्य होगा, जिसे प्रत्येक वर्ष पुनर्निर्धारित किया जा सकेगा।

ii. स्वीकृत सूची में समाविष्ट समाचार–पत्र/पत्रिकाओं के लिए विज्ञापन दर, 'विभागीय दर' से अधिक नहीं होगा। रंगीन सजावटी विज्ञापन के प्रकाशन हेतु 'विभागीय दर' में 40 प्रतिशत जोड़कर 15 प्रतिशत की कटौती की जा सकेगी। श्वेत–श्याम वर्गीकृत एवं अन्य विज्ञापन के विज्ञापन सामग्री तैयार कर निर्गम करने की स्थिति में 'विभागीय दर' में 15 प्रतिशत की कटौती होगी।

iii. विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान के लिए, स्वीकृत सूची के बाहर के अन्तराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न माध्यमों यथा समाचार–पत्र/पत्रिका, इलेक्ट्रोनिक चैनल /वेबसाईट एवं वैसे पत्र/पत्रिका/वेबसाईट/सोशल मीडिया अंतर्गत ट्वीटर, फेसबुक, यूट्यूब/एस0एम0एस0/मोबाईल एप्स एवं अन्य माध्यम जिसका कोई विभागीय दर न हो तथा राज्य सरकार की स्वीकृत सूची में शामिल नहीं हो, लेकिन राज्यहित में उक्त माध्यम से सरकार विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित कराना चाहती है तो इसके लिए नियम–6 में गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं विज्ञापन प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से, अवधि अथवा अंक विशेष/अभियान विशेष के लिए, राज्यहित/कार्यहित में विज्ञापन दिया जा सकेगा।

iv. विशेष परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान हेतु स्वीकृत सूची में शामिल माध्यमों के लिए निर्धारित विभागीय दर में राज्यहित / लोकहित में उक्त परिस्थिति, प्रयोजन, अवसर अथवा अभियान विशेष हेतु विभागीय दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित दर एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर विभाग संशोधन कर सकेगा जो मात्र उक्त अवसर, अभियान, परिस्थिति तक ही लागू होगा।

15. विज्ञापन निर्गम एवं भुगतान की प्रक्रिया

बिहार सरकार के समस्त विज्ञापन निर्गम एवं भुगतान कार्य, बिहार सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण में पड़ने वाले परिनियत निकाय/ निगमों /लोक उपक्रमों/ प्रतिष्ठानों/ प्राधिकारों/समितियों आदि सहित केवल न्यायपालिका को छोड़कर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग में केन्द्रीयकृत रहेगा। सभी प्रकार के विज्ञापन का भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से होगा। ऐसे केन्द्रीकृत विज्ञापनों के निर्गम एवं भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत् होगी :–

(क) स्वीकृत सूची के समाचार/पत्र/पत्रिकाओं के लिएः–

i. बिहार सरकार का प्रत्येक विभाग, बोर्ड, निगम, निकाय आदि सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे कार्यालय प्रधानों को चिन्हित करेगा, जो उक्त विभाग की ओर से अपने कार्यालय के लिए विज्ञापन निर्गत करने हेतु प्राधिकृत होंगे। सभी विभाग विज्ञापन निकालने हेतु ऐसे सक्षम एवं प्राधिकृत कार्यालय प्रधानों की सूची सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

ii. राज्य सरकार के विभागों के विज्ञापन भेजने हेतु प्राधिकृत कार्यालय प्रधान, सामान्यतः निविदा सूचना परिमाण बिक्री की तिथि के प्रारंभ होने की निर्धारित तिथि से 15 (पन्द्रह) दिन पूर्व तथा अल्पकालीन/आपातकालीन कार्यों के लिए निविदा सूचना परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि प्रारंभ होने की निर्धारित तिथि से 7 (सात) दिन पूर्व अपने विज्ञापन की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को हस्तगत करायेंगे, जहाँ उन्हें प्राप्ति रसीद दी जाएगी।

iii. विज्ञापन सामग्री प्राप्ति के बाद विज्ञापन की प्रकृति, प्राक्कलित राशि आदि के आधार पर लक्षित समूह को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकार द्वारा विज्ञापन हेतु समाचार–पत्रों का चयन किया जायेगा। समाचार–पत्रों का चयन हो जाने पर उसके प्रकाशन पर होने वाले व्यय की स्वीकृति भी उसी सक्षम स्तर से दी जायेंगी एवं उसे प्रकाशन हेतु समाचार–पत्रों को निर्गत किया जायेगा।

iv. विज्ञापन निर्गम की स्वीकृति के पश्चात् सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा निर्गमादेश (Release Order) निर्गत किया जायेगा, जिनमें अन्य बातों के अलावा विज्ञापन के आकार, प्रकृति, तिथि, संस्करण आदि का उल्लेख होगा। विज्ञापन के प्रकाशक समाचार–पत्र/पत्रिका

का यह दायित्व होगा कि वह निर्गमादेश में उल्लिखित निदेशों का अक्षरषः अनुपालन करें अन्यथा वह उक्त प्रकाशित विज्ञापन के भुगतान के भागीदार नहीं होंगे।

v. स्वीकृत सूची में शामिल सभी समाचार–पत्र/पत्रिकाओं का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक माह के समाप्ति के पश्चात् अगले माह के सात तारीख तक प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अपने विपत्र दो प्रतियों में संगत निर्गमादेश के साथ एवं प्रत्येक प्रकाशित विज्ञापन के तीन टीयर शीट की प्रति सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

vi. प्राप्त विज्ञापन विपत्रों की सम्यक जांचोपरांत, भुगतान की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार से प्राप्त कर, भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।

vii. बिहार सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण में पड़नेवाले परिनियत निकाय/निगमों/ लोक उपक्रमों/प्रतिष्ठानों/समितियों को निर्गत किये गये विज्ञापनों से सम्बन्धित विज्ञापन विपत्रों का भुगतान केन्द्रीकृत रूप से सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा किया जायेगा। सम्बन्धित समाचार पत्र/पत्रिका का दायित्व होगा कि वह प्रत्येक माह के समाप्ति के पश्चात् अगले माह के सात तारीख तक प्रकाशित विज्ञापन का विपत्र दो प्रतियों में संगत निर्गमादेश के साथ एवं प्रत्येक प्रकाशित विज्ञापन के तीन टीयर शीट की प्रति सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को उपलब्ध करायेंगे। संबंधित कार्यालय/उपक्रमों का दायित्व होगा कि वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ही कार्यालय/उपक्रमों द्वारा विज्ञापन मद में कर्णांकित राशि सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा इस प्रयोजन हेतु विशेष रूप से संधारित बैंक खाता में जमा करायेंगे। उनके द्वारा जमा की गयी राशि से उक्त कार्यालय/उपक्रम के अधियाचना के आलोक में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कराये गये विज्ञापन का भुगतान विभाग करेगा तथा राशि कम होने पर उनको पुनः राशि उपलब्ध कराने के लिए सूचित करेगा। संबंधित कार्यालय/उपक्रमों से प्राप्त राशि के लिए विभाग द्वारा अलग से एक पंजी संधारित की जायेगी, जिसमें उनके द्वारा प्राप्त राशि एवं उनके अधियाचना के आलोक में प्रकाशित कराये गये विज्ञापन पर हुए व्यय का लेखा रखा जायेगा। राशि समाप्त होते ही वैसे कार्यालय/ उपक्रम का विज्ञापन निर्गम स्वतः बन्द हो जायेगा।

viii. विज्ञापन प्रकाशित करने वाले स्वीकृत सूची के समाचार पत्र/पत्रिकाओं को भुगतान निर्गमादेश में दिये गये निदेश के आलोक में 'विभागीय दर' से अधिक नहीं होगा। यदि निर्गमादेश में उल्लिखित निदेशों के अनुरूप प्रकाशन नहीं होगा तो सम्बन्धित समाचार पत्र/पत्रिका का उक्त विज्ञापन हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।

ix. विज्ञापन प्रकाशित करने वाले समाचार पत्र/पत्रिकाओं का यह दायित्व होगा कि वह सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग एवं विज्ञापनदाता को संगत विज्ञापन वाले समाचार पत्र/पत्रिका की प्रति उपलब्ध करायेंगे।

(ख) गैर स्वीकृत सूची के समाचार–पत्र/पत्रिकाओं के लिएः–

i. जो समाचार पत्र/पत्रिकाएं सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग की स्वीकृत सूची में सम्मिलित नहीं है, वैसे गैर सूचीबद्ध समाचार पत्रों को नियम–6 में वर्णित प्रावधान के अनुसार गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' पर प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा।

ii. गैर स्वीकृत सूची के समाचार–पत्र/पत्रिकाओं को विज्ञापन देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि विज्ञापन यथासंभव उस वर्ग को स्पर्श करे, जिसकों लक्ष्य में रखकर विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया हो।

iii. प्राप्त विज्ञापन विपत्रों की सम्यक जांचोपरांत भुगतान की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार से प्राप्त कर ली जायेगी।

iv. निर्गमादेश निर्गत होने के पष्चात् इन समाचार–पत्रों/पत्रिकाओं के लिए भुगतान की उसी प्रक्रिया का पालन किया जायेगा जो स्वीकृत सूची के विज्ञापन के लिए निर्धारित की गयी है।

(ग) स्मारिका/गृह पत्रिकाओं के लिए–

i. स्मारिका/गृह पत्रिकाओं के लिए नियम–6 में गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं विज्ञापन प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर स्मारिका/गृह पत्रिकाओं को सक्षम प्राधिकार के आदेश से विशेष परिस्थिति में विज्ञापन निर्गत किये जा सकेंगे।

ii. स्मारिका/गृह पत्रिकाओं को विज्ञापन देते समय ध्यान दिया जायेगा कि विज्ञापन की पहुंच यथासंभव लक्षित समूह के पाठकों तक हो सके एवं संदेश के अनुरूप विज्ञापन जनता के उस वर्ग को स्पर्श करे, जिसको लक्ष्य में रखकर विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया है।

iii. स्मारिका/गृह पत्रिकाओं में दिये गये विज्ञापनों का भुगतान टीयर शीट एवं निर्गत आदेश के साथ विपत्र प्राप्त होने पर 'दर निर्धारण समिति' एवं विज्ञापन प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर विभागीय दर पर किया जा सकेगा। भुगतान की प्रक्रिया स्वीकृत सूची समाचार–पत्र/पत्रिकाओं के अनुरूप होगा।

(घ) विभिन्न प्रचार माध्यमों यथा इलेक्ट्रोनिक चैनल/वेबसाईट/रेडियो/एफ0एम0रेडियो /सामुदायिक रेडियो/ सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों जो स्वीकृत सूची में शामिल हों, उन्हें 'विभागीय दर' पर विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा एवं प्रसारित विज्ञापनों के भुगतान की प्रक्रिया वही होगी, जो स्वीकृत सूची के समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए मान्य है।

(ड़) ऐसे इलेक्ट्रोनिक चैनल/वेबसाईट/रेडियो/एफ0एम0रेडियो /सामुदायिक रेडियो/ सोशल मीडिया /रेलवे स्टेशन/एयरपोर्ट/मेट्रो स्टेशन/मॉल/मुवीज थियेटर एवं अन्य माध्यमों आदि जिनका विभागीय दर नहीं है एवं राज्य सरकार की स्वीकृत सूची में शामिल नहीं है एवं जिन्हें विशेष परिस्थिति, अवसर/आयोजन एवं राज्यहित में नियम–6 में गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर विभागीय मंत्री के आदेश से विज्ञापन निर्गत किया गया हो, उसका भुगतान सक्षम प्राधिकार के आदेश से होगा।

16. ग्लोबल विज्ञापन–

सरकार के विभिन्न विभागों /उपक्रमों को ग्लोबल विज्ञापन की आवश्यकता पड़ती है। ऐसी परिस्थिति में वे समाचार पत्र/पत्रिका/चैनल/वेबसाईट एवं अन्य माध्यम का उल्लेख करते हुए विज्ञापन सामग्री विभाग को न्यूनतम चालीस दिन पूर्व सुलभ करायेंगे। नियम–6 में गठित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर विभागीय मंत्री के आदेश से विज्ञापन निर्गम किया जा सकेगा, जिसका भुगतान उस माध्यम के लिए निर्धारित दर पर विभाग के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जायेगा।

17. होर्डिंग, दीवाल–लेखन, प्रदर्शनी, गीत नाट्य, नुक्कड़ नाटक /पम्पलेट/ब्रोसर/ पोस्टर/बुकलेट/प्रचार वाहन आदि के माध्यम से जागरूकता/ प्रचार–प्रसार द्वारा विज्ञापन के उद्देश्य को पूरा करना–

i. विभाग होर्डिंग, दिवाल लेखन, प्रदर्शनी सहित अन्य माध्यमों यथा पम्पलेट/ब्रोसर/ पोस्टर/बुकलेट/प्रचार वाहन इत्यादि माध्यमों द्वारा लक्षित वर्ग समूह के हित में आवश्यकतानुसार प्रचार–प्रसार कार्य नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से राज्यहित में करा सकेगा। इस कार्य हेतु विभाग बिहार संवाद/ निविदा के माध्यम से उपयुक्त संस्था/एजेंसी /दल/फर्म इत्यादि का चयन/सूचीबद्ध कर निर्धारित दर पर कार्य कराने के लिए भी स्वतंत्र होगा।

ii. सरकार के विभिन्न विभाग एवं उपक्रमों के कार्यक्रमों/नीति का प्रचार–प्रसार, जागरूकता एवं विशेष आयोजन/समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति विभाग द्वारा सांस्कृतिक दल एवं नुक्कड़ नाटक दल के माध्यम से करा सकेगा। इस कार्य हेतु अन्य विभाग द्वारा सांस्कृतिक दल/नुक्कड़ नाटक दल हेतु प्रचलित बाजार दर, दल के आकार, उनके विद्या एवं प्रदर्शन आदि को ध्यान में रखकर विभाग नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति के अनुशंसा पर 'विभागीय दर' निर्धारित कर सकेगा अथवा निविदा के माध्यम से विभाग निर्धारित मापदंड के अनुरूप निविदित दर पर सांस्कृतिक/नुक्कड़ नाटक दल का चयन कर कार्य करा सकेगा। इस कार्य हेतु विभाग बिहार संवाद के माध्यम से भी उपयुक्त संस्था/एजेंसी /दल/फर्म इत्यादि का चयन/सूचीबद्ध कर विभागीय दर पर भी कार्य करा सकेगा।

iii. विभिन्न विभाग/संस्था/प्रतिष्ठान आदि द्वारा विज्ञापन कार्य हेतु संस्थापित होर्डिंग को विशेष परिस्थिति, अवसर/अभियान विशेष हेतु उक्त विभाग/संस्था से विभागीय दर पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से आवश्यकतानुसार उक्त होर्डिग को अधिगृहित कर उसके माध्यम से प्रचार–प्रसार करा सकेगा।

iv. होर्डिंग के संस्थापन एवं दिवाल लेखन हेतु स्वामित्वधारी संस्था/व्यक्ति/विभाग के साथ निर्धारित दर/उचित मुआवजा/ भाड़ा/किराया के आधार पर नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से उक्त स्थल पर होर्डिंग/फ्लैक्स का संस्थापन/दिवाल लेखन का कार्य विभाग करा सकेगा।

v. महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल/ महत्वपूर्ण संस्थान द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु व्यवहृत स्थान पर संबंधित संस्थान/विभाग/प्रतिष्ठान से अनापत्ति प्राप्त कर इलेक्ट्रोनिक डिस्प्ले बोर्ड/होर्डिंग/फ्लैक्स का संस्थापन निःशुल्क अथवा बिहार विज्ञापन नियमावली, 2016 के नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से किया जा सकेगा।

18. सोशल मीडिया अंतर्गत फेसबुक, टवीटर, यूट्यूब/मोबाईल एप्स/एस0एम0एस0 एवं अन्य माध्यमों से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी ढंग से प्रचार–प्रसार –

आधुनिक परिवेश के अनुरूप सोशल मीडिया अंतर्गत फेसबुक, टवीटर, यूट्यूब एवं मोबाईल एप्स तथा एस0एम0एस0 एवं अन्य माध्यमों से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी ढंग से प्रचार–प्रसार का कार्य नियम–6 में वर्णित दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित 'विभागीय दर' पर सक्षम प्राधिकार के आदेश से किया जा सकेगा। इस कार्य हेतु विभाग बिहार संवाद/निविदा के माध्यम से विभागीय दर पर एजेंसी का चयन/सूचीबद्ध कर उक्त कार्य करा सकेगा।

19. सरकार एवं जनता के बीच संवाद की स्थापना–

विभिन्न मुद्दों पर लोगों का मूड, परसेप्सन ,फीड बैक को जानना–समझना, उनकी प्रतिक्रिया एवं अनुक्रिया प्राप्त करना, और मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित समाचारों का विश्लेषण कर, आवश्यकतानुसार, सरकारी पक्ष/दृष्टिकोण को त्वरित ढंग से मीडिया के माध्यम से आम लोगों के बीच प्रस्तुत करने की व्यवस्था विभाग करा सकेगा। इस कार्य हेतु विभाग पेशेवर, दक्ष एवं कुशल एजेंसी /कर्मी की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्राप्त कर सकेगा/बिहार संवाद समिति के माध्यम से करा सकेगा।

20. फेसिलिटेटर के रूप में बिहार संवाद के माध्यम से विज्ञापन कार्य हेतु संसाधन प्राप्त किया जाना–

विभाग द्वारा विज्ञापन प्राप्ति, निर्गम एवं भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाने एवं विज्ञापन सामग्री के डिजाईन एवं कम्पोजिंग हेतु फेसिलिटेटर के रूप में बिहार संवाद के माध्यम से आवश्यकतानुसार संसाधन एवं सहयोग प्राप्त कर सकेगा अथवा आवश्यकतानुसार विभाग, बिहार संवाद के माध्यम से, विभिन्न सरकारी विभागों/बोर्ड /निगम आदि के वर्गीकृत एवं सजावटी विज्ञापनों का क्रियेटिव डिजाईन एवं सामग्री का निर्माण/वर्गीकृत डिजाईन एवं निविदा कम्पोजिंग विकसित कराते हुए समाचार पत्रों को निर्गमन हेतु उपलब्ध करा सकेगा एवं इसके एवज् में विभाग बिहार संवाद को वित्त विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क अथवा वित्त विभाग के सहमति पर शुल्क का भुगतान कर सकेगा।

21. विज्ञापनदाता को समाचार पत्रों की आपूर्ति

i. सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा समाचार पत्र/पत्रिकाओं को निर्गमित विज्ञापन के विरूद्ध प्रकाशित विज्ञापनों से संबंधित समाचार की प्रति निगर्मादेश में दिये गये पते पर विज्ञापनदाता को सुलभ कराना होगा तथा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को भी उसकी प्रति मुहैया करानी होगी। ऐसा नहीं करने पर संबंधित विज्ञापन का भुगतान देय नहीं होगा।

ii. किसी निर्गमादेश के विरूद्ध संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन नहीं किये जाने स्थिति में समाचार पत्रों को 48 घंटे के अन्दर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को सूचित करना अनिवार्य होगा।

22. बिना निर्गमादेश के विज्ञापन का प्रकाशन

कोई माध्यम सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा निर्गत निर्गमादेश के बिना विज्ञापन का प्रकाशन नहीं करेंगे।

23. विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि

सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा निर्गत निर्गमादेश में अंकित तिथि को विज्ञापन का प्रकाशन करना होगा। निर्गमादेश में अंकित तिथि के अलावे अन्य तिथियों को विज्ञापन का प्रकाशन कराया जाने की स्थिति में यदि विलम्ब से विज्ञापन प्रकाशन से विज्ञापन के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हुई प्रतीत हो, वैसी स्थिति में तत्संबंधी विज्ञापन का भुगतान नहीं किया जा सकेगा।

24. सजावटी/डिस्प्ले विज्ञापन

i. सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग न केवल सरकार के विभाग एवं उनके अधीनस्थ विभिन्न निगम/निकाय/समिति/लोक उपक्रम/प्रतिष्ठान/प्राधिकार आदि के विज्ञापनों (वर्गीकृत, डिस्प्ले आदि) को निर्गम करेगा बल्कि उन विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु समाचार पत्र/पत्रिकाओं के चयन, विज्ञापन हेतु स्थान निर्धारित/आरक्षित करने का भी कार्य करेगा। विज्ञापनों के निर्गम हेतु समाचार पत्र/पत्रिकाओं के चयन में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

ii. विज्ञापन का डिजाईन एवं विषयवस्तु/सामग्री निविदादाता को नियमानुसार प्रकाशन तिथि से पूर्व तैयार कराकर भेजनी होगी। विभिन्न विभाग एवं उनके अधीनस्थ निगम/निकाय/समिति/लोक उपक्रम/प्रतिष्ठान/प्राधिकार आदि से प्राप्त विज्ञापनों के आकार एवं उसके डिजाईन में परिवर्तन, संशोधन करने का अधिकार तथा विभाग की उपलब्धियों आदि से संबंधित सजावटी विज्ञापन तैयार कर प्रकाशित कराने एवं भुगतान करने का अधिकार सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग का होगा। जिन विज्ञापनों को प्रमुखता दी जानी हो, वैसे विज्ञापनों विज्ञापनदाता कार्यालय अथवा सूचना एवं जन–सम्पर्क द्वारा उसे 'डिस्प्ले विज्ञापन' में परिवर्तित किया जा सकेगा।

iii. महत्वपूर्ण अवसरों/विशेष आयोजनों यथाः स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, बिहार दिवस, प्रमुख पर्वों/उत्सवों महत्वपूर्ण व्यक्तियों की जयंती/शहादत दिवस, राज्य सरकार की नीति, कार्यक्रम एवं उपलब्धियों पर आधारित डिस्प्ले विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु विभाग स्वयं अपनी ओर से विज्ञापन निर्गम कर सकेगा।

iv. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर आमजनों के लोक शिक्षण हेतु महत्वपूर्ण तिथियों, अवसरों, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार हेतु आयोजित होने वाले अभियानों के शुभारंभ संबंधी

विज्ञापनों का प्रकाशन सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग करा सकेगा। साथ ही, महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शिलान्यास/उद्घाटन समारोहों से संबंधित डिस्प्ले विज्ञापन का प्रकाशन भी विभाग करा सकेगा।

v. विभिन्न अवसरों पर महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्रियों के संदेश संबंधी डिस्प्ले का प्रकाशन विभाग करा सकेगा।

25. विज्ञापन के आकार, डिजाईन एवं क्रियेटिव में संशोधन

विभिन्न विभाग एवं उनके अधीनस्थ निगम/निकाय/समिति/लोक उपक्रम/प्रतिष्ठान/ प्राधिकार आदि के विज्ञापनों (वर्गीकृत, डिस्प्ले आदि) विज्ञापनों के आकार, डिजाईन एवं क्रियेटिव में संशोधन का अधिकार सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग में निहित होगा।

26. समाचार पत्र/पत्रिकाओं का चयन

विज्ञापन सामग्री प्राप्ति के बाद विज्ञापन की प्रकृति, प्राक्कलित राशि आदि के आधार पर लक्षित समूह को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकार द्वारा विज्ञापन हेतु समाचार पत्रों का चयन किया जायेगा। समाचार पत्रों का चयन हो जाने पर, उसके प्रकाशन पर होने वाले व्यय की स्वीकृति भी उसी सक्षम स्तर से दी जायेगी एवं उसे प्रकाशन हेतु समाचार पत्रों को निर्गत किया जायेगा। विज्ञापनों के निर्गम हेतु समाचार पत्र/पत्रों के चयन में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

27. आधुनिक परिवेश के अनुरूप सूचना तकनीक का उपयोग सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी ढंग से प्रचार–प्रसार कार्य में करने हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से पेशेवर, दक्ष एवं कुशल एजेंसी/कर्मी की सेवा प्राप्त करना–

i. विभिन्न माध्यमों हेतु विज्ञापन सामग्री का निर्माण विभाग विभागीय दर पर स्वयं/ बिहार संवाद के माध्यम से करा सकेगा।

ii. आधुनिक परिवेश के अनुरूप सूचना तकनीक का उपयोग ब्रांड बिहार विकसित करने, सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का लोक शिक्षण हेतु प्रभावकारी ढंग से प्रचार–प्रसार कार्य करने हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से पेशेवर, दक्ष एवं कुशल एजेंसी/कर्मी की सेवा विभाग प्राप्त कर सकेगा और इस कार्य एवज् में निर्धारित शुल्क का भुगतान विभाग द्वारा किया जायेगा।

28. विभिन्न माध्यमों के स्वीकृत सूची में अंकित समाचार पत्र/पत्रिका/रेडियो चैनल/ इलेक्ट्रोनिक मीडिया के चैनल/वेबसाईट को स्वीकृत सूची से नाम हटाया जाना–

सचिव निम्नांकित स्थितियों में विभिन्न माध्यमों के किसी एक अथवा सभी का विज्ञापन स्थगित रखने तथा स्वीकृत सूची से नाम हटाने हेतु सक्षम होंगे, परन्तु इसकी सम्पुष्टि तीन महीनों के अंदर राज्य प्राधिकृत समिति से प्राप्त करना होगा–

i. यदि किसी भी समय यह प्रमाणित हो जाये कि उक्त माध्यम द्वारा सरकारी विज्ञापन प्राप्त करने के लिए आवेदन करते समय दी गयी सूचना मिथ्या थी अथवा ऐसे आवेदन के पश्चात् इसमें लगातार सच्चाई नहीं रहती है या किसी समाचार पत्र ने नियमों में विनिर्दिष्ट किन्हीं शर्त्तों का उल्लंघन किया है।

ii. विज्ञापन प्राप्त करने वाले उक्त माध्यम/माध्यमों ने प्रेस एव ंपुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867 केबुल टी0वी0 नेटवर्क अधिनियम, सूचना प्रौधोगिकी अधिनियम, और अन्य समय–समय पर जारी संबंधित नियमों/परिनियमों/ अधिनियमों के उपबंधों का पालन नहीं किया है।

iii. उक्त माध्यम/माध्यमों द्वारा सार्वजनिक शालीनता और नैतिक मानदंडों एवं देशहित के प्रतिकूल टीका टिप्पणी औ़र सामग्री प्रकाशित/प्रसारित कराया हो।

iv. भारतीय प्रेस परिषद द्वारा निर्धारित आचार संहिता का अक्षरशः पालन नहीं करने पर।

v. उक्त माध्यम/माध्यमों के विरूद्ध अनैतिक/ समाज विरोधी कार्यों की शिकायत की जांचोपरान्त पुष्टि होने पर/न्यायालय /सक्षम प्राधिकार द्वारा दंडित किये जाने पर।

29. समाचार–पत्रों/पत्रिकाओं का दायित्व –

i. सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग की स्वीकृत सूची में समाविट समाचार पत्र/पत्रिकाओं जिन्हें विज्ञापन निर्गत किये जाते हैं, के प्रकाशक नियमित रूप से अपने समाचार–पत्र/पत्रिका की प्रतियां सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को एवं विज्ञापनदाता कार्यालय को सुलभ करायेंगे।

ii. यदि किसी विज्ञापन का त्रुटिपूर्ण अथवा गलत प्रकाशन होता है, तो वैसी स्थिति में प्रकाशक उस विज्ञापन को पुनः निःशुल्क प्रकाशित करायेंगे।

iii. निर्गत आदेश (आर.ओ.) के अनुरूप ही विज्ञापन का प्रकाशन करेंगे। अपने स्तर से उसमें कोई परिवर्तन नहीं करेंगे।

30. नियमावली में निहित शक्तियों का प्रत्यायोजन–

i. वैसे प्रचार माध्यमों जिनका विभागीय दर निर्धारित है एवं वे स्वीकृत सूची में शामिल हैं को विज्ञापन निर्गम के लिए विभाग के निदेशक को 5,00,000/–(पांच लाख) रु0, प्रधान सचिव/सचिव को

25,00,000/–(पचीस लाख) रु0 तक एवं 25,00,000/–(पचीस लाख) रु0 से अधिक के विज्ञापन व्यय की स्वीकृति की शक्ति विभागीय मंत्री में निहित होगी।

ii. स्वीकृत सूची से बाहर के प्रचार माध्यमों को विभागीय दर नहीं रहने पर दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित दर एवं प्राधिकृत समिति की अनुशंसा पर सचिव को 25.00 (पचीस) लाख रु0 तक एवं 25.00 (पचीस) लाख रु0 से अधिक के विज्ञापन निर्गम की स्वीकृति विभागीय मंत्री से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

iii. उक्त वित्तीय शक्तियों का आवश्यकतानुसार वित्त विभाग की सहमति से विभाग द्वारा संशोधित किया जा सकेगा।

iv. नियमावली के अनुसार विभागीय मंत्री में निहित कार्यपालिका एवं वित्तीय शक्ति को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप आवश्यकता एवं कार्यहित में उनके द्वारा विभाग के प्रधान सचिव/सचिव को प्रत्यायोजित किया जा सकेगा।

31. सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग का सुदृढ़ीकरण –

बिहार विज्ञापन नीति, 2016 के सम्यक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभाग का विज्ञापन संकाय/प्रभाग तथा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों का आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करते हुए नई सूचना तकनीक के उपकरणों और कर्मियों से सुसज्जित किया जा सकेगा एवं आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से पेशेवर एवं दक्ष कर्मी/एजेंसी की सेवा विभाग कर सकेगा।

32. माध्यमों की सूचीबद्धता एवं विभागीय दर का वार्षिक पुनरीक्षण –

सामान्यतः स्वीकृत सूची दो वर्षों के लिए मान्य होगी। विभाग विभिन्न माध्यमों की स्वीकृत सूची की वार्षिक पुनरीक्षण प्राधिकृत समिति के माध्यम से करायेगी एवं उसके अनुशंसा के आधार पर उसका अवधि विस्तार करेगा।

दर निर्धारण समिति द्वारा विभिन्न माध्यमों के विभागीय दर का वार्षिक पुनरीक्षण किया जायेगा। अपरिहार्य कारणवष विभागीय दर का पुननिर्धारण/पुनरीक्षण नहीं होने की स्थिति में, जब तक विभागीय दर का पुनरीक्षण/पुननिर्धारण नहीं होता है तब तक के लिए पूर्व का विभागीय दर मान्य होगा। दर निर्धारण समिति द्वारा अनुशंसित दर एवं प्राधिकृत समिति के अनुशंसा के आधार पर विभाग उक्त माध्यम के विभागीय दर का पुनर्निधारण करेगा।

स्वीकृत सूची में शामिल विभिन्न माध्यमों द्वारा सूचीबद्धता विभागीय दर के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन प्रत्येक वर्ष फरवरी में दिया जायेगा। वार्षिक पुनरीक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पर उक्त माध्यम द्वारा प्रकाशित/प्रसारित विज्ञापन की गुणवत्ता के साथ–साथ लोकहित में प्रकाशित/प्रसारित समाचार, सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रम/योजनाओं के प्रचार–प्रसार, विधि व्यवस्था/साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने एवं प्राकृतिक आपदा के दौरान किये गये उल्लेखनीय कार्य एवं डी0ए0वी0पी0 दर आदि को ध्यान में रखते हुए सम्यक् रूप से विचारोपरान्त दर निर्धारण समिति एवं प्राधिकृत समिति के अनुशंसा के आधार पर विभाग वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य कर सकेगा।

33. अन्यान्य –

(क) बिहार विज्ञापन नियमावली, 2016 के द्वारा इससे पूर्व निर्गत इस विषय पर सभी संबंधित आदेश/अनुदेश अवक्रमित किये जाते हैं। ऐसे आदेश/अनुदेश के अवक्रमण के होते हुए भी उक्त आदेशों/अनुदेशों द्वारा, या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से किया गया कोई कार्य या की गई कार्रवाई इस नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में किया गया या की गई समझी जाएगी, मानों यह नियमावली उस दिन प्रवृत था, जिस दिन ऐसा कार्य किया गया या ऐसी कार्रवाई की गयी थी।

(ख) बिहार सरकार के सभी विभागों एवं इसके स्वामित्व एवं नियंत्राणाधीन परिनियत निकाय/निगम/लोक उपक्रम/प्राधिकार/प्रतिष्ठान/ समिति से सम्बन्धित बिहार विज्ञापन नियमावली–2016 का प्रावधान अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

(ग) विभाग समय–समय पर इस नियमावली के कार्यान्वयन का आकलन करेगा और बिहार विज्ञापन नीति 2016 के बेहतर ढंग से कार्यान्वयन हेतु आवश्यकतानुसार नियमावली में संशोधन कर सकेगा।

(घ) विभाग द्वारा पूर्व की स्वीकृत सूची में शामिल किये गये विभिन्न माध्यमों को अगले आदेश तक सूचीबद्ध मानते हुए विभाग दर निर्धारण समिति के माध्यम से विज्ञापन हेतु नियत तिथि से विभागीय दर निर्धारित कर सकेगा। विभागीय दर निर्धारित होने तक पूर्व का विज्ञापन दर मान्य होगा।

34. बिहार विज्ञापन नियमावली–2016 में वित्त विभाग, गृह विभाग, विधि विभाग की सहमति एवं मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार गजट के असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाए और उसकी प्रति सभी संबद्ध विभागों/विभागाध्यक्षों को भेजी जाए।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ब्रजेश मेहरोत्रा,
सरकार के प्रधान सचिव।

No. Adv(4)01-04/2016-02/I&PRD

Resolution

The 30th September 2016

Subject :—Approval of Bihar Advertisement Rules, 2016

Preamble-

Information and Public Relations Department, as per the Bihar rules of executive business and as per the provisions of Bihar Advertisement Policy 2008, has been given the mandate for publicizing the schemes, programmes and achievements of the various departments of the government including all the corporation, local bodies, boards, PSUs, authorities, societies and other institutions through classified advertisement and other forms of publicity and public awareness including tender notices and other notices in All India Radio, Doordarshan, Electronic media, internet and newspaper and magazines of national and international repute; and to ensure centralized released payment and monitoring of these advertisements.

In the light of ever changing circumstances, emergence of new information and PR techniques, changing environment of work and procedures, to know understand and get feedback on the mood and perception of the common citizen on various issues along with getting their reaction and response to various programs of the government; to ensure dissemination and propagation of government programmes, schemes and achievements for public awareness and education, establish effective public dialogue and to develop Brand Bihar by professional use of various modern techniques of mass media; use of social media viz. facebook, twitter, YouTube and outdoor publicity including other mediums for effectively publicizing and disseminating information through advertisements; formation of a society for the purpose of developing creative and for fulfillment of other objectives and financial delegation etc., there is a need for amendment of certain existing provisions and inclusion of certain new provisions in Bihar Advertisement Policy 2008. In these changing circumstances and for the fulfillment of various responsibilities given to the department it is necessary to make a new Bihar Advertisement Rules 2016 after superseding the old Bihar Advertisement Policy 2008.

In the light of new Bihar Advertisement Policy 2016 and to execute the works relating to advertisement and Public Relations through the use of modern techniques in professional manner and for implementation of the new policy, Information and Public Relations Department hereby frames Bihar Advertisement Rules 2016

2. Short Title

i. These rules shall be called " **Bihar Advertisement Rules 2016**"

ii. These rules shall come into force from the date of its publication in the official gazette

3. Objectives

The main aim of these rules is to fulfill the objectives of Bihar Advertisement Policy 2016 wherein in the light of ever changing circumstances, emergence of new information and PR techniques, changing environment of work and procedures, to know understand and get feedback on the mood and perception of the common citizen on various issues along with getting their reaction and response to various programs of the government; to ensure dissemination and propagation of government programmes, schemes and achievements for public awareness and education, establish effective public dialogue and to develop Brand Bihar by professional use of various modern techniques of mass media; use of social media viz. facebook, twitter, youtube and outdoor publicity including other mediums for

effectively publicizing and disseminating information through advertisements and to fulfill the mandate given to the department in efficient and professional manner

4. Definition – In these rules, unless there is anything otherwise in subject or context-

i. "Newspaper" means "such newspapers which are registered by the Registrar of newspaper, under the provisions of Press & Books Act, 1867 of Government of India".

ii. "News Magazine " means "such New Magazine" which are registered by the Registrar of newspaper , Government of India" under the provisions of Press & Books Act, 1867, published Weekly, Fortnightly, Monthly, Tri-monthly, Half-yearly and yearly.

iii. "Various Media" means News paper/Magazine/Electronic media's satellite channel/ Cable channel/ Radio/ Website/ Social media/ Mobile apps/SMS, including railway station for advertisement/bus stand/ mall/airport/ metro station/ train/ movies theater/publicity van/ pamphlet/ poster/brochure/ electronic display board/ other electronic gadgets/ hoarding/flax/ wall painting/ exhibition/ songs play/ street play and other media.

